# विद्यार्थियों की समस्याओं और उनके निराकरण पर मंथन हुआ




कोटा में शिक्षा के महोत्सव कार्यक्रम को नितिन विजय ने संबोधित किया।

**कोटा,** (निसं)। मोशन एजुकेशन के संस्थापक ओर सीईओ नितिन विजय ने कहा कि शिक्षा ही बदलाव का जरिया है। यदि जिंदगी को अपग्रेड करना है तो पढ़ते रहो और आगे बढ़ते रहो। वे शनिवार को शिक्षा का महा-उत्सव के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मोशन के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की समस्याओं ओर उनके निराकरण पर मंथन किया।

नितिन विजय ने कहा कि ज्ञान होना और उस जानकारी को बच्चों को समझा पाना, दो अलग-अलग बातें हैं। इसलिए जरूरी नहीं कि ज्यादा ज्ञानी अच्छा भी शिक्षक होगा। इसलिए टीचर्स को सरल, स्पष्ट और सरस होना पड़ेगा। बच्चों से कनेक्ट होकर रिश्ता बनाना पड़ेगा। मोटीवेटर, बड़ा भाई या दोस्त बनना पड़ेगा। शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है, इसके अनुरूप हमें भी बदलना है और हम बदल भी रहे हैं। इसीलिए आज मोशन एजुकेशन मिनिमम प्राइज प्वाइंट पर क्वालिटी और कस्टमाइज एजुकेशन के लिए जाना जाता है। उन्होंने फेकल्टीज को सलाह दी कि इसके लिए हमको विद्यार्थी बने रहकर लगातार सीखते रहना होगा। अपने व्यक्तित्व को विराट बनाने के लिए पुस्तकों, ऑडियो बुक्स और यू-ट्यूब, जहां से भी सीखने को मिले, सीखते रहो। उन्होंने कहा कि यह विश्वास और निरंतर उत्कृष्टता की खोज का उत्सव है। शिक्षा का महा-उत्सव 15 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान मोशन के विभिन्न ऑनलाइन कोर्सेज और टेस्ट सीरीज आदि पर 80 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

शिक्षा का महा-उत्सव के तहत शनिवार को ऑन लाइन बनाम ऑफ़ लाइन पढ़ाई, लाइव क्लास बनाम रिकॉर्डेड लेक्चर, अर्ली स्टार्ट बनाम ड्राप लेकर तैयारी, डाउट काउंटर बनाम वीडियो सोल्यूशन, मॉड्यूल बनाम बुक्स से पढ़ाई, इंजीनियर बनाम डॉक्टर का करियर सहित टेस्ट और एक्जाम की तैयारी से जुड़े दस विषयों पर संस्थान के शिक्षाविदों के बीच खुली डिबेट हुई।

इसमें ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा, डायरेक्टर डॉ. स्वाति विजय, डिप्टी डायरेक्टर निखिल श्रीवास्तव, डॉ. आशीष माहेश्वरी, आशीष बाजपेई, जितेंद्र चांदवानी, ललित विजय सहित अन्य सीनियर सीनियर फैकल्टी ने भाग लिया। विजेताओं को मोशन एजुकेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र विजय और डायरेक्टर सुशीला विजय ने पुरस्कार दिए। शिक्षा का महा-उत्सव में हुए मंथन को रविवार शाम 6.30 बजे से मोशन एजुकेशन और एनवी सर के सोशल मीडिया हैंडल्स पर देखा जा सकेगा।

## पारिवारिक परंपरा को निभाते हुए नेत्रदान करवाया

**कोटा,** (निसं)। बालिता रोड 54 वर्षीय निवासी मुकेश जैन का निधन हृदय गति रुक जाने से न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा में हो गया। परिवार में नेत्रदान की परंपरा रही थी। पूर्व में मुकेश जैन के पिता सागरमल जैन, माता कांता जैन का भी नेत्रदान सम्पन्न हुआ था। इसी नेत्रदान की परंपरा को निभाते हुए जैन सोशल ग्रुप चंबल सिटी के सचिव मनोज जैन ने मुकेश जैन की पत्नी शर्मिला जैन से नेत्रदान की सहमति प्राप्त की। सहमति मिलते ही मनोज जैन ने तुरंत सूचना मेडिकल कॉलेज के नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा को दी। सूचना पर नेत्र विभाग के डॉ कमलेश कुमार मीणा, नेत्रदान सलाहकार भूपेंद्र सिंह हाड़ा, नेत्रदान टेक्नीशियन हेमंत यादव ने उनके स्व निवास पहुंचकर नेत्र संकलित किये।

# पार्श्वगायक किशोर कुमार का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जायेगा

**कोटा,** (निसं)। कोटा में किशोर कुमार के अनगिनत चाहने वाले उनके प्रसंशक हैं, जो उनके जन्मदिवस को हर बार यादगार बनाते हैं। इस बार भी कोटा में बॉलीवुड की फिल्मों में अपनी आवाज का जादू चलाने वाले किशोर कुमार के गीतों से शाम रंगीन होगी। रविवार को उनका 96वां जन्मदिवस कोटा में धूमधाम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

मुख्य संयोजक व किशोर कुमार के प्रसंशक पूर्व मेला समिति अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष व मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, नेता प्रतिपक्ष कोटा उत्तर लव शर्मा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, डॉ. एमएल अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। सुनील जैन ने बताया कि किशोर कुमार के जन्मदिवस पर हर बार कुछ नया करने का प्रयास किया जाता है। इस बार मुम्बई के जाने माने रॉक स्टार, के. फॉर किशोर फेम चिंतन बाकीवाला कोटा आ रहे हैं जो अपने मधुर गीतों से शाम को और भी हंसीन बना देंगे।

उन्होंने कहा कि बाकीवाला की आवाज किशोर कुमार की याद को ताजा कर देती है। सैकड़ों लोगों में से बाकीवाला को चुना गया था जिनकी आवाज हुबहु किशोर की तरह है। चिंतन बाकीवाला किशोर कुमार के रोमांटिक, सदा बहार गीत, उनके हिट गीत, दर्द भरे गीत गाएंगे। संयोजक जगदीश अग्रवाल चूनेवाला, अमित बंसल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के पास स्थित यूआईटी ऑडिटोरियम बालाजी नगर में सायं 7.30 बजे यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रवेश निशुल्क रहेगा। संगीत प्रेमी इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में कोटा के स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति से किशोर कुमार को याद करेंगे।

कोटा कलाकार सोसायटी के अध्यक्ष हरीश महावर ने बताया कि इस अवसर पर किशोर कुमार की याद में उनके हंसीन लम्हों को भी गुनगुनाया जाएगा। मुख्य संयोजक सुनील जैन ने बताया कि कोटा के स्थानीय कलाकार अमित बंसल, सुनील जैन, ऋतु जोशी, कृष्णा विजयवर्गीय, मौसमी अधिकारी, प्रभजोत, अभिषेक गोयल, केएल ग्वालानी सहित अन्य कलाकार भी किशोर कुमार के गीतों से शाम को चार चांद लगाएंगे।

# होलसेल बाजारों में चोरों का आतंक, दुकान के ताले तोड़ने की कोशिश

**कोटा,** (निसं)।पूरे हाड़ौती संभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले पुराने होलसेल बाजारों में काफी लंबे समय से चोरों, डकैतो, नशेड़ियों, जेबकटो, अतिक्रमणकारियों, वाहन चोरों का आतंक फैला हुआ है। आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है। जिसकी जानकारी संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी लगातार प्रशासन को दे रहे हैं।

अपराधियों को किसी प्रकार का भय नहीं है। व्यापारी इससे काफी आक्रोशित है एवं घर जाते समय तो सुरक्षित घर पहुंचने की चिंता एवं जाने के बाद रात भर उन्हें चिंता सताती है कि सुबह दुकान सुरक्षित मिलेगी या नहीं। इसी क्रम में शनिवार को पुरानी सब्जी मंडी नागपाल हार्डवेयर के सामने जेएमडी कलेक्शन जिसके मालिक राजेश मोदी सवेरे जब अपने रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने पाया कि उनका शटर दो जगह से टूटा हुआ है एवं ताले को चोट पहुंची हुई है। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी आसपास के व्यापारियों को दी। सभी व्यापारियों ने मिलकर होलसेल व्यापार महासंघ संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी एवं पुरानी सब्जीमंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ से संपर्क किया। सूचना मिलने पर पंकज बागड़ी एवं पवन दुआ, हेमराज शर्मा अपनी कार्यकारिणी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं उसकी जानकारी डिप्टी सीईओ थर्ड एवं केथूनीपौल थाना अधिकारी को घटना की सूचना दी। सूचना के बाद व्यापारी ने इसकी रिपोर्ट कैथूनीपौल थाने में दर्ज करवाई जिस पर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। संभाग अध्यक्ष पंकज बागड़ी ने बताया कि इस तरह की घटनाएं लगभग आए दिन हो रही है एवं व्यापारी भयभीत एवं आक्रोशीत है। प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। घटनाएं होती है, व्यापारी को नुकसान होता है कुछ घटनाओं में चोर पकड़े गए परंतु व्यापारी के नुकसान की भरपाई नहीं हो पाई। पुलिस प्रशासन को चाहिए की चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी से पीड़ित व्यापारी को नुकसान की भरपाई दिलवाई जाए एवं चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी को उचित दंड दिया जाए जिससे अपराधों की पुनरावृत्ति पर रोक हो ऐसी व्यवस्था होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर होलसेल शास्त्री मार्केट व्यापार संघ उपाध्यक्ष चिमन जैसवानी, सचिव रमेश राय, पुरानी सब्जी मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष पवन दुआ, महामंत्री जगदीश बबलानी, विनय दयानी कोषाध्यक्ष राजेंद्र माखीजा उपाध्यक्ष नरेश सुखवानी सांस्कृतीक मंत्री सुरेश साधवानी आदि पीड़ित व्यापारी के साथ उपस्थित रहे।

## संदीप शर्मा राज्य वन्य जीव मण्डल में सदस्य मनोनीत

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा विधायक संदीप शर्मा को राज्य वन्य जीव मण्डल का सदस्य मनोनीत किया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (वन) द्वारा इस आशय के आदेश जारी किये गये। विधायक शर्मा लम्बे समय से वन्य जीवों की समस्याओं को सदन में उठाते रहे हैं और उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किये हैं, इसलिए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। यह बोर्ड वन्यजीवों के संरक्षण के लिए नीति निर्माण के साथ ही पारिस्थितिकी संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करता है साथ ही वनों में निवास करने आदिवासियों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही वन्य जीव सुरक्षा का सामंजस्य भी स्थापित करता है। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण के साथ ही वन पर्यटन के विकास के लिए प्रयास करेंगे।

## दो जनरल कोच बढ़ाये

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रसाशन ने कोटा होकर जाने वाली गाड़ी संख्या 22673/22674 भगत की कोठी-मन्नारगुडी-भगत की कोठी एक्सप्रेस में मन्नारगुड़ी से 9 दिसम्बर से एवं भगत की कोठी से 12 दिसम्बर को से 2 थर्ड एसी के स्थान पर 02 जनरल कोच की बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब इस गाड़ी में उक्त तिथी से वातानुकूलित ट्री टियर 7 कोच, वातानुकूलित टू टियर 2 कोच, स्लीपर 7 कोच, सामान्य श्रेणी 4 कोच तथा 2 पावरकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच होंगे।

## सार-समाचार

### इरशाद अली मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में प्रदेश सह संयोजक नियुक्त

**कोटा,** (निसं)। कोटा शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए वर्षो से कार्य कर रहे है इरशाद अली को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने राजस्थान प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। शनिवार को दिल्ली में आयोजित मंच की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में इसकी घोषणा की गई। इस अवसर पर इरशाद अली ने इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय संयोजक अबु बकर नकवी एवं रेशमा हुसैन का आभार व्यक्त कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है वे उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे और राष्ट्रीय अखण्डता के लिए साम्प्रदायिक सद्भाव कायम करने का जो काम मंच द्वारा किया जा रहा है उसे आगे बढ़ाया जायेगा। इरशाद अली को शुभकामनायें देते हुए मंच के राष्ट्रीय संयोजक अबु बकर नकवी एवं रेशमा हुसैन ने कहा है कि कुछ लोग पद पाकर गौरवान्वित होते हैं वहीं कुछ लोग अपनी कार्यशैली से पद को गौरवान्वित कर देते हैं, आपको दूसरी श्रेणी में आना है और इस पद की गरिमा बढ़ानी है। ज्ञात हो कि इरशाद अली वर्तमान में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संभाग संयोजक हैं तथा सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। हिंदू मुस्लिम सद्भाव के लिए उनके द्वारा राम मंदिर के लिए मुस्लिम बस्तियों में दीया वितरण, भजन समारोह का आयोजन, हिंदू धार्मिक स्थलों का संरक्षण जैसे अनेक अनेक कार्य किये गये हैं।

### पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित

**बून्दी** (निसं)। विश्व स्तनपान सप्ताह के तीसरे दिन शनिवार को इनरव्हील क्लब द्वारा मदर मिल्क बैंक में नव माताओं को पौष्टिक आहार के पैकेट वितरित किए गए। साथ ही मिल्क बैंक में कार्यरत नर्सिंग कार्मिकों को भी क्लब की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा दीक्षित ने उपस्थित माताओं को दूध की उपयोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मां का पहला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है इसे बेकार नहीं जाने दे। सभी माताएं अपने बच्चों को अपना पहला दूध जरूर पिलाएं जिससे बच्चों के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्यों ने मदर मिल्क बैंक का अवलोकन भी किया। इस दौरान सचिव गायत्री गुप्ता, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोहिणी हाडा, पवित्रा शर्मा सहित किरण शर्मा, सरबजीत कौर, मंजू जिंदल, पुष्पा चौधरी, श्यामलता शर्मा, अरुणा वैष्णव अंतिमा शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रही। अंत में मदर मिल्क बैंक प्रभारी ममता अजमेरा ने आभार जताया।

### शिविर में 56 यूनिट ब्लड डोनेट किया

**कोटा,** (निसं)। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रसिद्ध रेज़ोनेंस संस्थान के कोटा कैंपस में 3 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन रेजोनेंस के एचआर और संसथान की स्टूडेंट केयर विंग रेज़ोकेयर के अंतर्गत एवं कोटा ब्लड बैंक सोसाइटी के सहयोग से किया गया। शिविर के अंदर संस्थान के फैकेल्टी मेंबर्स, मैनेजमेंट के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया एवं रक्तदान करके समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु एक प्रयास किया। उपरोक्त सभी के सहयोग से इस शिविर में 56 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस रक्तदान शिविर के अवसर पर संस्थान के वाईस प्रेजिडेंट कीर्ति सिंह सोनगरा ने कहा कि रेजोनेंस सदैव समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने में अग्रणी रहा है एवं आगे भी एचआर और रेज़ोकेयर के बैनर तले ऐसे कई प्रकार के सकारात्मक आयोजन करता रहेगा। आयोजन के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाड़ा का निधन

**कोटा,** (निसं)। वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण बलदेव सिंह हाड़ा का शुक्रवार शाम जोधपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को अपरान्ह कोटा के छावनी स्थित श्मशान पर किया गया। हाड़ा की पार्थिव देह को उनके पुत्र देवव्रत सिंह ने मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि स्व. हाड़ा ने कोटा के पत्रकार जगत में चार दशकों तक अपनी सेवाएँ दी। वह राजस्थान पत्रिका, जननायक और समाचार एजेंसी यूएनआई में कार्यरत रहे। हाड़ा के अंतिम संस्कार में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर, महासचिव अनिल भारद्वाज, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रद्युम्न शर्मा, धीरज गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र राहुल, पुरुषोत्तम पंचोली, केएल जैन, जनार्दन गुप्ता, सुबोध जैन, ब्रिजेंद्र सिंह झाला, जितेंद्र शर्मा, जेपी सिंह, योगेश सेन आदि ने उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। डॉ सुधीर गुप्ता, नरेश हाड़ा, बनवारी यदुवंशी, प्रियंक जैन आदि भी इस दौरान उपस्थित रहे।

### 'स्तनपान शिशु और मां के लिए अनमोल'

**छबड़ा** (निसं)। आंगनबाडी केंद्र बड़ोदिया पर संस्कार सेवा संस्थान बारां तथा आईपी ग्लोबल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया। पोषण चैंपियन मोहम्मद इरफान ने मां का दूध नवजात शिशु के लिए सबसे सर्वोत्तम बताया। वही कहा कि स्तनपान शिशु को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है जो उनके विकास के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शिशु के पाचन तंत्र के लिए स्तन का दूध आसानी से पचने योग्य होता है। कविता चौधरी के अनुसार इस सप्ताह को मनाने का मकसद स्तनपान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आसिफ मोहम्मद ने स्तनपान के बारे में महिलाओ को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आशा सहयोगिनी सलोचना मीणा, सहायिका गीता सेन सहित महिलाएं मौजूद रही।

### कार्यशाला आयोजित

**बून्दी** (निसं)। समग्र शिक्षा बूंदी एवं ग्राम राज विकास प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम आधारित शैक्षिक कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर सत्यनारायण वर्मा एवं सहायक मास्टर ट्रेनर चतुर्भुज अछेरिया द्वारा भाषा शिक्षण की विधियों, भाषा शिक्षण के सिद्धांत, नवाचारों युक्त शिक्षण गतिविधियों एवं गणित की बुनियादी दक्षता पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए टीचिंग सहायक सामग्री तैयार करायी गयी।

# गुटखा खाने से टोका तो सुरक्षाकर्मी के चाकू मारे

**कोटा,** (निसं)। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल परिसर के सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में तीन सुरक्षा कर्मियों को कुछ लड़कों को गुटखा खाने से रोकना महंगा पड़ गया। बदमाश लड़कों ने सुरक्षाकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। इससे एक सुरक्षा कर्मी की हालत गंभीर है। जबकि दो अन्य चोटिल हुए हैं।

मामला शनिवार सुबह का है। घटना के बाद महावीर नगर थाना व मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल परिसर स्थित पुलिस चौकी का जाप्ता मौके पर पहुंचा। घायलों को नए अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार के लिए ले जाया गया। दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक (एसएसबी) के सिक्योरिटी इंचार्ज रेख सिंह का कहना है कि शनिवार सुबह 6.30 से 6.45 के बीच घटना है। एसएसबी के गेट पर रामकरण नामक सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान चार लड़के बाहर बैठकर गुटखा खा रहे थे उसने इन्हें गुटखा खाकर अंदर जाने से रोका था। इससे नाराज होकर चारों लड़कों ने गार्ड रामकरण पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसकी चीखने की आवाज सुनकर दूसरे सिक्योरिटी गार्ड शिव सिंह और सुरेंद्र भी मौके पर पहुंचे। बदमाश लड़कों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद चारों वहां से भाग गए।

सिक्योरिटी इंचार्ज रेख सिंह ने बताया कि इलाज के लिए इन्हें नए अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर गए। वहां रामकरण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अभी ये पता नहीं चला है कि ये लड़के किसी मरीज के साथ आए थे या ऐसे ही बार बैठे हुए थे। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की अधीक्षक डॉ आरपी मीणा ने सुरक्षा कर्मियों के उपचार की तुरंत व्यवस्था करवाई। उनका कहना है कि एक गार्ड के छाती में चाकू लगे है। उसकी हालत गंभीर है। दूसरी तरफ सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक के अधीक्षक डॉ. नीलेश जैन भी मौके पर पहुंच गए।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक हुई

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के भाजपा कार्यालय पर सेमली मण्डल की कार्यसमिति की बैठक षनिवार को जिला प्रभारी राधेश्याम सिरोहिया, सहप्रभारी मुकेश मिश्रा के सानिध्य व वरिष्ठ नेता हिम्मतसिंह सिंघवी एवं मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चला जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। हर बूथ पर बूथ के कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित हों। वर्तमान में केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकारें है, ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# श्री श्याम मित्र मंडल संस्था के श्री श्याम झूला महोत्सव का आयोजन

- 'भक्तों के झूले में श्री श्याम बैठे हैं'
- 'कोई सार नहीं है संसार में सब कुछ है सावरें के प्यार में'

**कोटा,** (निसं)। श्री श्याम मित्र मंडल संस्था के श्री श्याम झूला महोत्सव का आयोजन नयापुरा स्थित स्पोर्ट्स कांपलेक्स में किया गया, जहाँ पर श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का का अत्यंत मनोरम दरबार सजाया गया। पूरा पांडाल फूलों से सजाया गया एवं बाबा को विशेष रूप से झूले पर विराजमान किया गया। श्रंगार दिल्ली एवं कोलकाता से मंगाएँ विशेष फूलों से किया गया।

अध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल ने बताया झूला महोत्सव में अपने भजनों से भक्तों को भक्ति में सराबोर करने के लिए प्रख्यात भजन गायिका जयपुर से रजनी राजस्थानी एवं भजन गायक देई से राजेन्द्र अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था जिन्होंने अपने सावन व झूला महोत्सव के विशेष भजनों से सभी प्रेमियों को आनंदित कर दिया। महासचिव राजेश चौधरी ने बताया कि सर्वप्रथम भजन अमृत वर्षा कि गई, श्री मित्र मंडल संस्था के ही सेवा भावी गायकों द्वारा जिसमें अमित शर्मा, राजेन्द्र पारिक, चंद्रमोहन गर्ग, दिलीप गोयल, भंवर सिंह, वंदना शर्मा, सुश्री रिद्धि भरावा, निहारिका सोनी एवं आकाश मलकानी ने अपने अपने भजनों से श्री श्याम प्रभु के चरणों में अपनी भजन अर्जी लगाई। कोषाध्यक्ष महेन्द्र मंसाका ने बताया की स्थानीय भजन गायकों के पश्चात देई से आमंत्रित राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने मीठे-मीठे भजनों से बाबा को रिझाया एवं भक्तों को झूमाया।

उन्होंने अपना प्रसिद्ध भजन कोई सार नही है संसार में सब कुछ है सावरें के प्यार में, कब आयेगा मेरा सांवरियों एवं श्री श्याम प्रभु को अपने भजन के माध्यम से झूला झूलाने के लिए विशेष डलवाया झूला हमने लखदातार के लिए गाया जिस पर सभी पांडाल में मौजूद भक्तजन झूमने लगे। मंडल संयोजक कमल अग्रवाल ने बताया की अंत में श्री श्याम प्रभु को अपने भजनों से रिझाने आयीं जयपुर से आई रजनी राजस्थानी ने चिरपरिचित अंदाज में अपने भजनों की श्रंखला को प्रारंभ किया जिसमें सर्वप्रथम झूला उत्सव से संबंधित भक्तों के झूले में श्री श्याम बैठे है गाया तत्पश्चात सावन का महिना रिमझिम बरसे पानी, खाटू से चलकर आया देखो शीश का दानीश, मेरा बाबा दौड़ा आयेगा एवं अन्य कई प्रसिद्ध भजन गाये एवं कुछ भजन श्याम प्रेमियों की डिंमाड पर भी गाये। रजनी राजस्थानी जब गा रही थी तो पूरा पांडाल भक्तों से खचाखच भरा हुआ था एवं सभी आंनदित हो भजन रस सरिता में गोते लगा रहे थे।

# दिल्ली में रहकर भी दिल कोटा-बून्दी में ही रहता है : बिरला

- 'हम सभी मिलकर संसदीय क्षेत्र में विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे'

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बून्दी की जनता मेरे लिए मेरा परिवार है। एक छोटे से कार्यकर्ता को आपने जो आशीर्वाद दिया उसका ऋण कभी नहीं उतारा जा सकता। है। आपके आशीर्वाद से ही एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

मेरे जीवन का प्रत्येक क्षण मेरे इसी परिवार की सेवा में समर्पित है। संवैधानिक जिम्मेदारियों के कारण मैं दिल्ली में जरूर रहता हूं लेकिन मेरा दिल हमेशा कोटा-बून्दी में ही रहता है। देवतुल्य जनता ने मुझ पर जिस आशा और आकांक्षाओं के साथ भरोसा जताया है, मेरा दायित्व है कि मैं उस पर खरा उतर सकूं। हम सभी मिलकर संसदीय क्षेत्र में विकास को नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे और प्रत्येक जन समान्य के जीवन को बदलने का काम करेंगे। कोटा ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से भामाशाह मंडी प्रांगण में आयोजित अभिनन्दन समारोह को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह बात अपने संबोधन में कही।

देश की सबसे बड़ी मंडियों में शुमार सेठ भामाशाह मंडी का प्रांगण शनिवार को अपनत्व और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था के अध्यक्ष और कोटा-बून्दी की माटी के अपने बेटे औऱ भाई के स्वागत के लिए शहर भर की 300 से अधिक संस्थाओं और संगठनों ने पलक पावड़े बिछा दिए। मंडी प्रांगण के मुख्य द्वार से कार्यक्रम स्थल तक 2 किमी की दूरी के बीच एक घंटे तक बिरला का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत हुआ। विशेष बग्गी में सवार स्पीकर बिरला ने पूरे मार्ग में सभी का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागतकर्ताओं ने पूरे रूट में 300 से अधिक से अधिक स्वागत द्वार बनाए थे। ढोल-ढमाके और बैंड के साथ स्वागत रैली आगे बढती रही। कई स्थानों पर आतिशबाजी भी की जाती रही।

## बैठक हुई

**बून्दी** (निसं)। अखिल भारतीय आदिवासी महिला विकास परिषद बूंदी की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष पार्वती मीणा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान आयोजन पर चर्चा करते हुए प्रकृति की रक्षा हेतु पौधरोपण करने आदि कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

# 'सड़कों पर हर पोल पर रोशनी बिखरेगी'

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा ने शनिवार को चारभुजा बप्पा रावल चौराया से रावतभाटा के मुख्य बाजारों का निरीक्षण किया और जहां भी सड़कों के खंभों पर रोड लाइट खराब थी उन्हें बदलने के निर्देश दिए।



नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर ने बप्पा रावल चौराहा से रावतभाटा के मुख्य बाजारों का निरीक्षण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष मधु कंवर हाडा ने बताया कि बरसात के समय में मेन रोड पर अंधेरा होने से दुर्घटना होने की संभावना रहती है। सड़कों पर जगह जगह जानवर बैठे रहते हैं उससे राहगीरों को रात के अंधेरे में निकलने में समस्या रहती है। नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर पालिका बिजली विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर बप्पा रावल चौराहे से एनटीसी चौराहा, बालाराम चौराहा, सिनेमा चौराहा, बुद्ध बिहार, नीचे बाजार से लगाकर सभी बजारों का निरीक्षण किया जहां भी जो लाइट खराब है उसे तुरन्त प्रभाव से ठीक कराया जाए जिससे बरसात के समय आम जन को समस्या नही हो। पूरा शहर रोशनी से जगमगाता रहे इसके निर्देश दिए गए। आमजन से भी अपील की को पोल पर लाइट बंद दिखे तो तुरन्त प्रभाव से स्थानीय पार्षद या लाइट सविदाकर्मी सन्नी गर्ग के मो नम्बर 97992 40514 पर सम्पर्क करे या हेल्प ला न नम्बर 9649101999 पर बंद लाइट के पोल नम्बर वॉट्सएप करे या कॉल कर सुचना दे। निरिक्षण के समय भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाडा, पार्षद प्रतिनिधि भंवर सिंह, रामबिलास लोधा, कमलेश, अमित सहित कई जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।


**पश्चिम मध्य रेल**

मुख्य कारखाना प्रबंधक,
माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा
निविदा सं:M-324-2-6-Stripping-06
दिनांक: 01.08.2024

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा आमंत्रित करते है। टेण्डर सं. M-324-2-6-Stripping-06, कार्य का विवरण:"माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. के परिसर में 24 माह की अवधि हेतु माइल्ड स्टील और स्टेनलेस स्टील वैगनों में कटिंग एवं स्ट्रिपिंग का कार्य।", अनुमानित लागत(रू.में): 4,25,37,534.72/-, निविदा प्रपत्र राशि(रू. में): निल, बयाना राशि(रू.में): 3,62,700.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 माह, निविदा बंद व खुलने का समय व तारीख: बंद 11.30 बजे दिनांक: 31.08.2024 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक: 31.08.2024। ई-निविदा वेबसाइट www.ireps. gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किये जायेगें। इस निविदा के लिये मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजी.-II, पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2024/1669 विज्ञप्ति दिनांक:-19.7.2024

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब योजना उज्जवल विहार खसरा नं. 41 में स्थित भूखंड संख्या ए-31/1 के नाम हस्तांतरण करने हेतु न्यास कार्यालय में गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा निवासी तिलक स्कूल रोड कृष्णा नगर कोटा रोड बारां जिला बारां राज. द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 632 दिनांक 12.01.2016 को मोबिना बानो पुत्र श्री अब्दुल नासिर के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड का बेचान जर्ये पंजीकृत मुख्तार आम श्रीमती सन्तरा देवी अग्रवाल पत्नी श्री प्रहलाद राय अग्रवाल द्वारा जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 29.05.2024 को श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा को कर दिया गया है।

अत: श्री गिरिराज शर्मा पुत्र श्री मगन लाल शर्मा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/7786 दिनांक: 02.08.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सत्यवती जादौन पत्नी स्व. श्री बलराज सिंह जादौन निवासी भूखंड संख्या 254 सुभाष नगर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर सूरजपोल गुमानपुरा कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 13500 वर्गफुट में से 13367 वर्गफुट भाग एवं शेष 133 वर्गफुट भाग की छत का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। सूरजपोल गुमानपुरा कोटा स्थित भूखंड क्षेत्रफल 13500 वर्गफुट का आवंटन सिटी इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट डिपार्टमेन्ट कोटा (राजस्थान) द्वारा श्री बलवन्त सिंह पुत्र श्री सम्पूर्ण सिंह को किया गया। श्री बलवन्त सिंह ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 28.11.1942 से श्री दूनीचंद पुत्र श्री भोला राम को विक्रय कर दिया। श्री दूनीचंद का देहावसान हो जाने के पश्चात श्री दूनीचंद की पत्नी श्रीमती सुभद्रा देवी ने जर्ये रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 28.01.1953 से उक्त भूखंड की वसीयत श्री रमेश चन्द भारद्वाज पुत्र श्री दुनीचन्द भारद्वाज के नाम कर दी। श्रीमती सुभद्रा देवी का देहावसान दिनांक 21.12.1974 को हो जाने के पश्चात श्री रमेश चन्द भारद्वाज ने उक्त भूखंड में से एक भाग क्षेत्रफल 9'4"x14'3"=133 वर्गफुट भाग पर स्थित गोदाम बिना छत के अधिकार के जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.05.2002 से श्री मोती राम पुत्र श्री गंगा राम को विक्रय कर दिया। कार्यालय नगर निगम कोटा द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक ननिको/मुख्यालय जोन/भ.नि.अनु./2016/16941-43 दिनांक 04.03.2016 से सूरजपोल गुमानपुरा कोटा स्थित उक्त भूखंड क्षेत्रफल 13500 वर्गफुट में से 13367 वर्गफुट भाग एवं शेष 133 वर्गफुट भाग की छत का स्वामित्व नियमानुसार नगरीय कर में वृद्धि कर श्री रमेश चन्द भारद्वाज पुत्र श्री दुनीचन्द भारद्वाज के नाम हस्तांतरण किया गया। श्री रमेश चन्द भारद्वाज ने जर्ये रजिस्टर्ड मुख्तार नामा आम से श्री अनमोल भारद्वाज पुत्र श्री रमेश चन्द को उक्त भाग का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री अनमोल भारद्वाज ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.10.2017 से उक्त भाग श्री बलराज सिंह जादौन पुत्र श्री लाल सिंह जादौन को विक्रय कर दिया। श्री बलराज सिंह जादौन का देहावसान दिनांक 23.04.2021 को हो जाने के उपरांत श्री बलराज सिंह जादौन के विधिक वारिसान श्री रचित सिंह जादौन पुत्र स्व. श्री बलराज सिंह जादौन एवं श्री दिव्यांशु सिंह जादौन पुत्र स्व. श्री बलराज सिंह जादौन ने जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड 08.11.2023 से उक्त भाग में से स्वयं का हक श्रीमती सत्यवती जादौन पत्नी स्व. श्री बलराज सिंह जादौन के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के आवेदित भाग का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड के आवेदित भाग का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण